सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 11 | इंदौर, शुक्रवार 31 जुलाई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

" comments_by_Pushp "

## "रामायण मूवी ट्रेलर"

रिलीज हुआ और फिर मैने देखा कि नुक्ताचीनी शुरु ..तो मैने भी संबंधित पोस्ट पर कमेंट किए..

प्रिय शब्द साधकों ! आप बुरा नहीं माने मुझे ये ट्रेलर अच्छा लगा... कोशिश बहुत ही अच्छी है , हो सकता है कि रणवीर की वॉयस थोड़ी और गंभीर होती but कोशिश बहुत अच्छी है

लेकिन

जैसे आपको मोदी जी के वीडियो में नाक के बाल ही दिखाई दिए वैसे ही आपके अपने छीलने या यूँ कहे reach - कंट्रोवर्सी - views के अपने तय मापदंड है..लिखने और आर्कषित करने के But मुझे ट्रेलर बहुत अच्छा लगा...

No Doubt...

तुलना क्यों ...समय दृष्टिकोण टेक्नोलॉजी के हिसाब से बदलाव होते रहे हैं...इतना बुरा भी नहीं ...स्वागत करे स्वीकार करे

अरे ! इतनी बारीकी तो फिल्म उद्योग से जुड़े लोग ही बता सकते हैं...या आठ एंगल देख कर आठ आंखों से देखते हैं...

अरे भाई जनता तो रावण को देख कर ही मजे में आ जाएगी ...,राम सीता की इतनी बारीकी भी नहीं देखेगी..और अभी तो हनुमान सन्नी पाजी का आना बाकी हैं...सब मंगल होगा कुशलता के साथ बोलो सियावर रामचंद्र की जय !

(#पुष्प FB वॉल से साभार)

बात मुद्दे की...

# आंदोलन करने की हिम्मत अच्छी है...

## लेकिन कानून तोड़ने की हिमाकत और फिर दबाव वाली Silent धमकियां कितनी जायज..?

आंदोलन का लेवल इस आंदोलन मे सबने देखा ही है... इनके घरों की लड़कियों और महिलाओं का स्तर भी पूरे देश ने देखा....आप पढ़े लिखे सभ्य समाज से तर्कपूर्ण बहस की उम्मीद कर सकते हो.....नंगे लोगों से कैसी बहस...और जब उनकी पीठ पर तमाम देश विरोधी ताकतों का हाथ हो.....तो आपका 2 कदम पीछे हटना ही सही फैसला है..... क्यूंकि नंगों के साथ नंगा नहीं हुआ जा सकता......

बाकि हम आम लोग हैं....सरकार के फैसलों पर सहमति या असहमति जता सकते हैं...लेकिन सरकार के पास क्या इनपुट था....IB का क्या Input था.....जिसके बाद ये फैसला लिया गया.....ये तो सरकार को ही पता होगा....हम तो बस अंदाजा ही लगा सकते हैं.....क्यूंकि आम हालातों में देखें तो वांगचुक के अनशन समाप्ति के बाद इस इस्तीफे की कोई जरूरत नहीं थी...!

फिर भी हुआ इस्तीफा.... ली गई श्रेय लेने की होड़ ...चल रही हैं दबाव वाली silent धमकियाँ....

ऐसे तो हर कोई आंदोलन और माँगो के आधार पर कानून तोड़ेगा. गालिया देगा

बाद में सीना तानें बाहर ना कोई कानून का खौफ ना सजा का

स्टूडेंट राजनीति के नाम पर कानून ब्रेक करने की इजाजत नहीं दी जा सकती..

अराजकता की इजाजत नहीं होती .

आंदोलन करो रोज करो

लेकिन कानून के दायरे में हो

वरना आप कब तक किसी भी सरकार को दबाव देकर रोक पाओगे आखिर कब तक हुड़दंगबाजी से कानून को ठेंगा दिखाओगे...सरकार सरकार होती है

कानून कानून होता है

अभी भी वक्त है समझो लो भाई लोगों !

(#पुष्प FB वॉल से साभार)

## GenZ एकमात्र एक अवस्था नहीं एक ऊर्जा का स्तर भी होता है

हमेशा से हर नयी पीढ़ी GenZ ही होती रही है। बस उसे संयमित मर्यादित करते हुए लक्ष्य साधा जाए तो सफलता भी मिलेगी और यश भी !

वो भी एक पुत्र की GenZ की ऊर्जा ही थी जब माता पिता के वचन को सम्मान देते हुए स्वयं को वनवास दिया (विरोध वो GenZ भी कर सकता था , अमर्यादित हो सकता था..)

वो भी एक प्रेमी की GenZ ऊर्जा ही थी जब उसने अपने प्रेम से अधिक संसार के प्रति अपने कर्तव्यों के कारण अपना वृंदावन त्यागा,(विरोध वो GenZ भी कर सकता था , स्वार्थी हो सकता था..)

वो भी एक शिष्य की ही GenZ ऊर्जा ही थी जिसने गुरुआज्ञा - गीताधर्म को स्वीकार कर युद्ध में प्रवृत्त हुआ (विरोध वो GenZ भी कर सकता था , कर्म से भाग सकता था..)

ऐसे कई अगनीत गाथाओं से भारतीय भूमि सुसंस्कृत और सुगंधित हुई है

हमेशा से हर नयी पीढ़ी GenZ ही होती रही है। सलीम अनारकली भी GenZथे और सीमा सचिन भी ...

बस अंतर स्वभाव और प्रतिक्रिया का है

जिसे समझा जा सकता है जिसे

स्थितिअनुसार ठीक किया जा सकता है

जिसे संयमित किया जा सकता है

जिस से स्वयं को परिवार को समाज को देश को विश्व को लाभान्वित-गौरवान्वित किया जा सके।

# संभागायुक्त और कलेक्टर ने संयुक्त रूप से किया एमवाय अस्पताल का निरीक्षण

## अस्पताल में वार्ड और विभिन्न कक्षों के संकेत सूचक और हिंदी में लिखे जाएंगे जांच कक्ष के नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संभागायुक्त भास्कर लक्षकार एवं कलेक्टर शिवम वर्मा गुरुवार सुबह इंदौर के एमवाय अस्पताल संयुक्त रूप से निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री लक्षकार एवं कलेक्टर श्री वर्मा ने एमवाय अस्पताल के ओपीडी, आपातकालीन सेवा, रोगी कल्याण समिति, ब्लड बैंक, नेत्र विभाग, आयुष्मान भारत योजना विभाग सर्जरी सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया।**



निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री लक्षकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एमवाय अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों की सुविधाओं को सुनिश्चित करने हेतु जगह-जगह संकेत सूचक लगाये। साथ ही मरीजों की मुख्य जाँचे हिन्दी भाषा में लिखी जाए। मरीजों को दी जाने वाली दवाईयों के काउंटरों की संख्या भी बढ़ाई और उसकी व्यवस्था सुधारें। मरीजों के परिजनों की बैठक व्यवस्था में भी सुधार किया जाए। संभागायुक्त श्री लक्षकार ने स्वास्थ्य अधिकारियों और चिकित्सकों से कहा कि मरीज हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, उनके उपचार में संवेदनशीलता बरते। सभी अधिकारी समय पर अपने विभागों में पहुँचे और गुणवत्ता के साथ कार्य करें। संभागायुक्त के आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अस्पताल के आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के तहत लाभान्वित होने वाले मरीजों के बारे में भी स्वास्थ्य अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों के साथ एमवाय अस्पताल के सभी विभागों का निरीक्षण कर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय संचालक डॉ. शॉजी जोसेफ, एमवाय अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अशोक यादव एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# महापौर के आश्वासन पर वाल्मीकि सेवा का आंदोलन समाप्त

● नियमितीकरण नियमों में संशोधन की अनुशंसा भेजेगा निगम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। नगर निगम के दैनिक वेतनभोगी, सफाई एवं विनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर चल रहा वाल्मीकि सेवा का आंदोलन गुरुवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया।

महापौर के निर्देश पर महापौर परिषद (एमआईसी) के सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया और अश्विनी शुक्ल रीगल चौराहे पहुंचे, जहां उन्होंने वाल्मीकि सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर संतोष कल्याणे और संगठन मंत्री निलेश गोसर को जूस पिलाकर आंदोलन समाप्त कराया। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्यों ने संगठन के प्रतिनिधियों को बताया कि नगर निगम दैनिक वेतनभोगी, सफाई कर्मचारियों और विनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण से जुड़े नियमों में संशोधन के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करेगा। इस प्रस्ताव को मेयर-इन-कौंसिल (एमआईसी) की बैठक में पारित कर अनुशंसा सहित राज्य शासन को भेजा जाएगा, ताकि नियमों में आवश्यक संशोधन कर नियमितीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। महापौर के इस आश्वासन के बाद वाल्मीकि सेवा के प्रतिनिधियों ने अपना आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। नगर निगम ने उम्मीद जताई है कि शासन स्तर पर सकारात्मक निर्णय होने से कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा।

# आज तीन स्थानों पर राजस्व जनकल्याण शिविर के आयोजन होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में आमजन की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व जनकल्याण शिविरों की श्रृंखला में 31 जुलाई 2026 को जिले के तीन राजस्व निरीक्षक वृत्तों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शा-खसरा संबंधी प्रकरणों सहित अन्य राजस्व मामलों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई को आयोजित होने वाले राजस्व शिविरों में हातोद तहसील के वृत्त-1 आगरा, महू तहसील के वृत्त-2 मानपुर तथा खुडैल तहसील के वृत्त-3 खुड़ैल बुजुर्ग शामिल हैं। जिला प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होकर राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण कराएं तथा शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही जनहितकारी सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर अवैध वृद्धाश्रम सील

## वृद्धजनों को मान्यता प्राप्त वृद्ध आश्रम में किया गया स्थानांतरित

● संचालकों के विरुद्ध एफआईआर की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** वृद्धजनों के साथ एक नाबालिग द्वारा मारपीट किए जाने संबंधी प्रसारित समाचार का संज्ञान लेते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल जांच के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर एसडीएम मल्हारगंज, सामाजिक न्याय एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल को मौके पर भेजा गया। दल



द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित वृद्धजनों को मान्यता प्राप्त वृद्धाश्रमों- गणेश आश्रम, निराश्रित सेवाश्रम,आशा निलय में सुरक्षित स्थानांतरित कराया गया। वहीं नाबालिग को आवश्यक संरक्षण एवं आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है।

प्राथमिक जांच में संबंधित प्रेमाश्रय वृद्ध आश्रम, बाणगंगा का संचालन अवैध रूप से पाया जाने पर प्रशासन द्वारा उसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। साथ ही सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आश्रम की संचालिका के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।संचालिका द्वारा शासकीय भूमि पर निर्मित नगर निगम के भवन में किस आदेश से संचालन किया जा रहा था इसकी जांच भी करवाई जा रही है।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि प्रकरण की सभी पहलुओं के विस्तृत जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वृद्धजनों की सुरक्षा एवं सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# ई-दक्ष केंद्र इंदौर में 'कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम' की कार्यशाला आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत संचालित 'कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम' के तहत गुरुवार को ई-दक्ष केंद्र, इंदौर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संभागीय जनसंपर्क कार्यालय, कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को अपनी क्षमताओं एवं योग्यताओं की पहचान करने, समूह में प्रभावी ढंग से कार्य करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा विपरीत परिस्थितियों में सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग भी सुनाए। कार्यशाला का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक अतुल कुमार पाण्डेय एवं प्रशिक्षक सुश्री जाग्रति चौहान ने किया। आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी, भोपाल के निर्देशानुसार जिले के समस्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 'कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम' के अंतर्गत नियमित कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य शासकीय सेवकों के कौशल, कार्यदक्षता, क्षमता, व्यवहारिक दक्षता तथा सेवाभाव को सुदृढ़ बनाना है। इंदौर जिले में कार्यक्रम का प्रथम चरण 20 जून 2026 से 6 अगस्त 2026 तक संचालित किया जा रहा है। अब तक 11 विभागों के 160 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कोर्स पूर्ण करना अनिवार्य है। इसके साथ ही आरसीवीपी प्रशासन अकादमी द्वारा विभिन्न विषयों पर तैयार किए गए अन्य ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को भी निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना आवश्यक है।

सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की गई है कि वे प्राथमिकता के आधार पर कर्मयोगी पोर्टल पर अधिकतम पाठ्यक्रम पूर्ण करें तथा शासन के इस महत्वपूर्ण अभियान में अपने कार्यालयों के शत-प्रतिशत कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

# श्री लक्षकार ने डबल लेयर फ्लाईओव्हर ब्रिज की दूसरी भुजा और एमआर-10 स्थित रेलवे ओव्हर ब्रिज का निरीक्षण किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। संभागायुक्त भास्कर लक्षकार ने गुरुवार को लवकुश चौराहा स्थित निर्माणाधीन डबल लेयर फ्लाईओव्हर ब्रिज की दूसरी भुजा, एमआर-10 स्थित रेलवे ओव्हर ब्रिज और आईएसबीटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री लक्षकार ने ब्रिज निर्माण संबंधी एजेंसी के अधिकारियों और इंजीनियर्स से निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने एमआर-10 स्थित रेलवे ब्रिज की ड्राईंग और प्रोजेक्ट रिपोर्ट देखी। उन्होंने पूर्ण हो चुके आईएसबीटी की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लवकुश चौराहा स्थित डबल लेयर फ्लाईओव्हर ब्रिज की दूसरी भुजा का कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।आवश्यकता होने पर संसाधन बढ़ाये जाये। उन्होंने कहा कि ब्रिज की दूसरी भुजा शुरू हो जाने के बाद यातायात और अधिक सुगम हो जाएगा। संभागायुक्त श्री लक्षकार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित श्री टंट्या मामा भील अंतरराज्यीय बस ट्रमिनल (आईएसबीटी) का भी अवलोकन किया। यहां उपलब्ध करायी जाने वाली व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सुमेध का वर्ल्ड अर्निस चैंपियनशिप में चयन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर**। इंदौर के 12 साल के सुमेध श्रीवास्तव का चयन 18वीं वर्ल्ड अर्निस चैंपियनशिप-2026 के लिए हुआ है। वह इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वर्ल्ड एस्क्रिमा-काली-अर्निस फेडरेशन (WEKAF) और अर्निस इंडिया फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में यह चैंपियनशिप 1 से 4 अगस्त तक नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होगी। इसमें दुनिया के कई देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सुमेध के पिता डॉ. सुभोध श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने साढ़े तीन साल की उम्र से कराटे का प्रशिक्षण शुरू किया था। वर्तमान में वह कराटे में ब्लैक बेल्ट हैं और राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में 35 से अधिक स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। कराटे के साथ उन्होंने अर्निस की भी ट्रेनिंग ली। अर्निस की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उनका चयन वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता पहली बार भारत में आयोजित की जा रही है।

# 5 लाख से ज्यादा सेग्रीगेशन सेल्फी ली

## लोगों ने कचरा डालते समय सेग्रीगेशन सेल्फी ली और निगम को भेजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देश में स्वच्छता में अपना परचम फैलाने वाले इंदौर ने इस बार विश्व रिकॉर्ड बना लिया है। सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत सेग्रीगेशन सेल्फी का विश्व रिकॉर्ड इंदौर ने बना लिया है।**

गुरुवार को नगर निगम ने सेग्रीगेशन सेल्फी का आह्वान किया था। जिसके बाद लोगों ने कचरा डालते समय सेग्रीगेशन सेल्फी ली और निगम को भेजी। एमआईसी मेंबर व स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुल्क ने बताया कि गुरुवार सुबह शुरू हुए इस सेग्रीगेशन सेल्फी का अच्छा प्रतिसाद मिला। इंदौर की जनता से बढ़चढ़ कर इसमें हिस्सा लिया और शहर के 85 वार्डों से लोगों ने सेग्रीगेशन सेल्फी भेजी।




नगर निगम ने 5 लाख का सेल्फी का लक्ष्य रखा था। दोपहर तक ही 4 लाख सेल्फी मिल गई थी। शाम होते-होते ये आंकड़ा 5 लाख के भी पार चला गया। स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि 31 जुलाई, शुक्रवार को इंदौर में SABB वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है। सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत ये आयोजन किया जा रहा है। ये वॉकथॉन शुक्रवार सुबह 7 बजे आयोजित की गई है। रीजनल पार्क से चोईथराम चौराहा होते हुए वापस रीजनल पार्क तक ये वॉकथॉन होगी। इसमें भी बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। एमआईसी मेंबर व स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि महापौर के नेतृत्व में हमने तय किया था कि एक दिन में 5 लाख सेल्फी लेंगे।

सेग्रिगेशन सिर्फ इंदौर में होता है तो उसकी सेल्फी लेकर और हम एक विश्व रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं और आज शाम को 5 बजे के लगभग राजबाड़े पर जश्न मनाएंगे। हमारे एसबीएम की पूरी टीम ने कमिश्नर- महापौर ने विचार किया है कि ये जो सेग्रिगेशन करते हैं, ये सिर्फ हमारे यहां होता है। तो क्यों ना इसको एक बार अपन रिकॉर्ड बनाएं। जिसके बाद ये सेल्फी का विचार आया और इसे मूर्त रूप दिया।

# महापौर ने हटवाए खुद के फोटो लगे होर्डिंग, बोले- नियम सबसे ऊपर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में नियमों के पालन और कानून के समान अनुपालन का संदेश देते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एक अहम पहल की है। महापौर के निर्देश पर सबसे पहले उनके फोटो लगे सभी अवैध होर्डिंग तत्काल हटाए गए। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को शहरभर में सभी अवैध होर्डिंग हटाने के निर्देश भी दिए हैं।**

महापौर ने स्पष्ट किया कि समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने भावनावश शहर के विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगाए थे, लेकिन नियमों से ऊपर कोई नहीं है। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर में कहीं भी, किसी भी व्यक्ति या संगठन के अवैध होर्डिंग लगे हों, बिना किसी भेदभाव के सभी को हटाया जाए। उन्होंने कहा कि इंदौर की पहचान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि नियमों के पालन और सुव्यवस्थित शहर के रूप में भी बनी रहनी चाहिए। शहर की सुंदरता बनाए रखने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अवैध होर्डिंग हटाना जरूरी है।



महापौर ने कहा स्वच्छ, सुंदर और नियमों का पालन करने वाला इंदौर ही हमारी पहचान है। कानून सबके लिए समान है और उसका पालन भी सभी को करना होगा। होर्डिंग्स को लेकर इंदौर में जीरो टॉलरेंस है। न्यायालय के भी निर्देश हैं। इसलिए मेरा सबसे आग्रह है कि अवैध होर्डिंग्स ना लगाएं और कल रात को मुझे यह जानकारी मिली कि कावड़ से संबंधित कुछ होर्डिंग्स मेरे फोटो के साथ भी लगे हैं। मैंने तुरंत विभाग को निर्देश दिए कि उन सब होर्डिंग्स को हटाया जाए और भी जहां इस तरीके से शहर की सुंदरता और स्वच्छता को नुकसान पहुंचाते हुए होल्डिंग्स लगाए जा रहे हैं, उनको हम लगातार हटाते रहेंगे।

Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है... समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है... तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल / यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे। या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे

www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है)

### औद्योगिक क्षेत्र में लगने वाले उद्योगों में स्थानीय किसानों एवं ग्रामीणों को

# प्राथमिकता से करवाएं रोजगार उपलब्ध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में गुरूवार को विक्रम उद्योगपुरी का निरीक्षण कर औद्योगिक विकास एवं निवेश परियोजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण में कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में लगने वाले उद्योगों में स्थानीय किसानों एवं ग्रामीणों को प्राथमिकता पर रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मिले। किसानों को औद्योगिक इकाइयों में आवश्यक फसलों का उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो एवं उद्योगों को भी आवश्यकतानुसार कच्चा माल आसानी से उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की उद्योग-अनुकूल नीतियों, आधुनिक अधोसंरचना और निवेशकों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण प्रदेश में उद्योगों का तेजी से विकास हो रहा है।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एमपीआईडीसी के कार्यपालक निदेशक श्री राजेश राठौड़ ने जिले में संचालित एवं प्रस्तावित औद्योगिक परियोजनाओं, औद्योगिक अधोसंरचना विकास, भूमि आवंटन तथा निवेश की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेसर्स पेप्सिको इंडिया लिमिटेड की अत्याधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 1,266 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित इस इकाई का वर्चुअल लोकार्पण किया गया था। इस परियोजना से लगभग 800 प्रत्यक्ष तथा बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक क्षेत्र में 50.05 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन वर्किंग वूमेन हॉस्टल का भी निरीक्षण किया। यह आधुनिक आवासीय परिसर औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत लगभग 1,500 महिलाओं को सुरक्षित, सुविधायुक्त एवं सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिला कर्मचारियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होने से प्रदेश में महिला कार्यबल की भागीदारी बढ़ेगी तथा महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी। उज्जैन कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में उज्जैन जिले में 246 नई औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित की गई है। इनमें लगभग 16,150 करोड़ रुपये के निवेश तथा 14,500 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। लगभग 773 एकड़ क्षेत्र में विकसित विक्रम उद्योगपुरी में अब तक 94 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं, जिनसे लगभग 6,480 करोड़ रुपये का निवेश अपेक्षित है। 360 एकड़ में विकसित मेडिकल डिवाइस पार्क में 74 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित की जा चुकी है। इसमें लगभग 2,894 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। उद्योगों की बढ़ती मांग को देखते हुए 488 हैक्टेयर भूमि पर विक्रम उद्योगपुरी फेज-2 विकसित किया जा रहा है, जहां अल्केम लेबोरेट्रीज़, अडानी समूह एवं वॉल्वो आयशर जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है। इन परियोजनाओं में लगभग 4,800 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है, जबकि 35 से अधिक अन्य औद्योगिक इकाइयों से 15,000 करोड़ रुपये से अधिक के अतिरिक्त निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं।कलेक्टर उज्जैन श्री सिंह ने बताया कि निर्माणाधीन आईटी पार्क का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है। वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में मेसर्स बेस्ट लाइफ कॉर्पोरेशन तथा मेसर्स प्रतिभा स्वराज लिमिटेड द्वारा 315 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है, जिससे 5 हजार से अधिक लोगों, विशेष रूप से महिलाओं, को रोजगार प्राप्त होगा।

भ्रमण एवं निरीक्षण में स्थानीय विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक श्री सतीश मालवीय, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रवि सोलंकी, अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष श्री ओम जैन, संभागायुक्त श्री आशीष सिंह, पुलिस महानिरीक्षक श्री राकेश गुप्ता, पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री नवनीत भसीन सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### ● मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों के खातों में अंतरित किए 107 करोड़ 82 लाख रुपए

## किसानों की हर समस्या का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान कल्याण का जो संकल्प राज्य सरकार ने लिया है, उसकी पूर्ति के लिए हम निरंतर सक्रिय हैं। किसानों की हर समस्या का समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बुरहानपुर में मई और जून में मौसम की मार ने केले की फसल को बहुत नुकसान पहुंचाया। बुरहानपुर नगर, बुरहानपुर ग्रामीण, नेपानगर और खकनार तहसीलों के 188 गांवों के 8 हजार 115 किसानों की केले की फसल प्रभावित हुई है। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार कंधे से कंधा मिलाकर किसानों के साथ खड़ी है।

आज प्राकृतिक आपदा से प्रभावित जिले के 8 हजार से अधिक किसानों के खातों में 107 करोड़ 72 लाख रुपये से अधिक की राहत राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जा रही है। यह राशि मुश्किल समय में किसानों को संबल देगी। जब तक किसानों के चेहरों पर दोबारा मुस्कान नहीं आ जाती, राज्य सरकार चैन से बैठने वाली नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को बुरहानपुर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को उज्जैन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केले की पैदावार में हुए नुकसान के लिए किसानों के खातों में सिंगल क्लिक से मुआवजा राशि अंतरित की। बुरहानपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद ज्ञानेश्वर पटेल, पूर्व मंत्री



एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस उपस्थित थीं। वीसी में बुरहानपुर से शामिल श्रीमती चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव को रक्षाबंधन पर बुरहानपुर से केले के रेशे से बनी राखी भेजी जाएगी।

### केले से बने उत्पादों ने ई-कॉमर्स पर दुनिया में बनाई पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ताप्ती मैया के आशीर्वाद से बुरहानपुर क्षेत्र अपनी उद्यानिकी फसलों के लिए प्रसिद्ध है। यहां के स्वादिष्ट केले, हल्दी और कपास अपने आप में बेहद खास है। यहां सभी धर्मों के बीच मिलकर रहने की संस्कृति, खेती की विविधता में भी दिखाई देती है। यहां कृषि से लेकर कपड़ा, दवा से लेकर फर्नीचर और पाइप उपकरण से लेकर अन्य कई सामग्रियों का निर्माण होता है। कपास और कपड़ा उत्पादन के लिए सहूलियत देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कपास पर लगने वाले मंडी टैक्स को आधा कर दिया है, इससे प्रदेश भर के कपास उत्पादक किसानों को लाभ मिला।

---

## उज्जैन-भोपाल के बीच 3 स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

### इंदौर होकर आने-जाने वाली 5 ट्रेनों के फेरों में बढ़ोतरी, महाकाल दर्शन के लिए रेलवे की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** सावन माह में देशभर से उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उज्जैन-भोपाल के बीच तीन स्पेशल ट्रेनें शुरू की गई हैं। इसके अलावा इंदौर होकर उज्जैन आने-जाने वाली पांच नियमित ट्रेनों के फेरों में भी बढ़ोतरी की गई है। यह निर्णय श्रावण मास में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए लिया गया है।

श्रावण मास में देश-विदेश से बाबा महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। उज्जैन रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त टिकट



काउंटर शुरू किए गए हैं।

साथ ही, यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए पार्किंग व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के साथ स्टेशन प्रबंधन में भी कई अहम बदलाव किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। यात्रियों को टिकट के लिए लंबी कतारों में इंतजार न करना पड़े, इसके लिए उज्जैन स्टेशन पर यूटीएस (अनारक्षित टिकट) और पीआरएस (आरक्षित टिकट) काउंटरों की संख्या बढ़ा दी गई है। मुख्य पीआरएस कार्यालय में एक अतिरिक्त विशेष काउंटर भी शुरू किया गया है। इस काउंटर पर यात्रियों को आरक्षित और अनारक्षित, दोनों प्रकार के टिकट एक ही स्थान पर मिल सकेंगे। यात्रियों की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में मुख्य प्रवेश द्वार के सामने अस्थायी रूप से 'नो-व्हीकल जोन' घोषित किया गया है। स्टेशन के सामने की पार्किंग फिलहाल बंद कर दी गई है। वाहनों की भीड़ रोकने के लिए केवल एक लेन को 'पिक एंड ड्रॉप' के लिए खुला रखा गया है, ताकि यात्रियों की आवाजाही सुचारु बनी रहे।

---

## रिटायरमेंट से एक दिन पहले लोकायुक्त ने इंजीनियर को 6,000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** लोकायुक्त ने ग्वालियर नगर निगम के इंजीनियर को रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। वह 31 जुलाई को रिटायर होने वाले थे। उससे पहले रिश्व लेते रंगे हाथों पकड़े गए हैं। एक ठेकेदार से उन्होंने 36000 रुपए की मांग की थी और 6000 रुपए की पहली किस्त के साथ लोकायुक्त ने दबोच लिया है। दरअसल, ग्वालियर निवासी नगर निगम के ठेकेदार सचिन पचौरी ने लोकायुक्त में शिकायत दी थी। उसने सड़क का निर्माण करवाया था, जिसका बिल का 36 लाख रुपए था। लेकिन नगर निगम से बिल का भुगतान नहीं हो रहा था। लंबित फाइलों पर हस्ताक्षर के लिए कार्यपालन यंत्री की ओर से पूरे बिल का एक प्रतिशत कमीशन की मांग की गई। दो फाइलों के निराकरण के लिए इंजीनियर 30000 रुपए ले लिए थे। बाकी के छह हजार रुपए ग्वालियर नगर निगम के दफ्तर में देना तय हुआ था। इसके बाद लोकायुक्त से ठेकेदार ने शिकायत की। जांच में मामला सही निकला। इसके बाद ग्वालियर लोकायुक्त ने कार्रवाई के लिए ट्रैप दल का गठन किया। लोकायुक्त की टीम ने सुशील कटारे, कार्यपालन यंत्री नगर निगम को रंगे हाथों 6000 रुपए लेते हुए पकड़ लिया। सुशील कटारे की उम्र 62 साल है। वह ग्वालियर के विजया नगर में रहते हैं। सुशील कटारे अगले ही दिन रिटायर होने वाले थे। पकड़े जाने पर उनका चेहरा उतर गया। उनके विरुद्ध धारा 7, पीसी एक्ट 1988( संशोधित अधिनियम 2018 ) के अंतर्गत कार्रवाई जारी है।

---

## दतिया उपचुनाव में 71.26% वोटिंग, पिछली बार से 9% कम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया, एजेंसी।** विधानसभा उपचुनाव में 71.26% वोटिंग हुई है। ये पिछली बार से करीब 9 प्रतिशत कम है। यहां कांग्रेस के घनश्याम सिंह का मुकाबला भाजपा के आशुतोष तिवारी से है। वोटों की गिनती 3 अगस्त को होगी। उसी दिन रिजल्ट आने की संभावना है। मतदान के दौरान कांग्रेस ने सिरोल और जिगना में फर्जी वोटिंग की शिकायत की। पार्टी प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने मौके पर पहुंचकर अधिकारियों से बात की। इस पर पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा- कांग्रेस जब हारती है तो आरोप लगाती है। ये उनकी हताशा-निराशा का परिचय है।

उधर, रामसागर गांव के मतदान केंद्र से पुलिस, कांग्रेस के पोलिंग एजेंट को अपने साथ ले गई। जब साथियों ने इसका वीडियो बनाया तो पुलिस ने उन्हें रोका। हालांकि, कांग्रेस नेताओं के थाने पहुंचने पर पुलिस ने पोलिंग एजेंट को



छोड़ दिया। दतिया सीट कांग्रेस के राजेंद्र भारती को सहकारी ग्रामीण विकास बैंक में फ्रॉड के मामले में स्पेशल-एमएलए कोर्ट से दो साल की सजा होने के बाद खाली हुई है। 2023 विधानसभा चुनाव में इस सीट पर 80.2 प्रतिशत मतदान हुआ था। भारती ने बीजेपी के नरोत्तम मिश्रा को 7742 वोट से हराया था। भारती को 88977 जबकि नरोत्तम को 81235 वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर नोटा को 1452 मत हासिल हुए थे।

## संपादकीय

# पारंपरिक ज्ञान और राजनीतिक घमासान

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की ओर से एनटीए में सुधार के लिए गठित टास्क फोर्स के सदस्य प्रो. वी कामकोटि को कथित तौर पर 'गौमूत्र एक्सपर्ट' कहने पर सियासी पारा हाई है। गुरुवार को राज्यसभा में बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि भारतीय परंपरागत ज्ञान को पश्चिम में वैज्ञानिक मान्यता मिल रही है, जबकि कांग्रेस उसे तिरस्कार की नजर से देखती है। सुधांशु त्रिवेदी ने सदन में कहा कि जिन लोगों को गोमूत्र पर आपत्ति है, उन्हें यह जानना चाहिए कि इसके एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल औषधीय गुणों के लिए अमेरिका में पेटेंट दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी पेटेंट संख्या 6410059 औषधीय उपयोग से जुड़ी है, जबकि 6896907 गोमूत्र के बायो-एनहांसर के रूप में उपयोग से संबंधित वैज्ञानिक पेटेंट है। राज्यसभा में बोलते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 'जिनको गोमूत्र की भी समस्या है तो मैं उन्हें बताना चाहता हूं गोमूत्र का एंटीबैक्टीरियल एंटीफंगल मेडिसिनल वैल्यू के लिए यूएस में पेटेंट है एंड द पेटेंट नंबर इज 6410059 और गोमूत्र का बायो एनहांसर के रूप में यूएस में साइंटिफिक पेटेंट है 6896907 मगर सर क्या करें दिमाग में मैकाले मार्क्स का गोबर भरा हुआ है तो उन्हें कहां से समझ में आएगा सर अगर ये आत्मविश्वास होता जैसे प्रधानमंत्री जी ने ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक साइंस ने बनाया है। ये 50 साल पहले बन गया होता तो सभापति महोदय हमें हल्दी, नीम और तुलसी के पेटेंट के लिए लड़ाई नहीं करनी होती। हम आज लीडर बन के खड़े होते हैं। मगर क्या बताएं? यह विज्ञान में पश्चिम के अंधभक्त हैं और उस अंधभक्ति की कीमत इस देश ने चुकाई। लेकिन प्रधानमंत्री जी ने आकर उसको एक नई राह दिखाई। बीजेपी सांसद ने कांग्रेस पर पश्चिमी सोच का अनुसरण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 'दिमाग में मैकाले और मार्क्स का गोबर भरा हुआ है, इसलिए उन्हें भारतीय ज्ञान परंपरा की समझ नहीं है।' उन्होंने कहा कि भारतीय वैज्ञानिक विरासत और आयुर्वेद पर गर्व करने के बजाय विपक्ष लगातार उसका मजाक उड़ाता रहा है। त्रिवेदी ने कहा कि यदि भारत ने दशकों पहले अपनी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और वैज्ञानिक विरासत को पर्याप्त महत्व दिया होता, तो हल्दी, नीम और तुलसी जैसे उत्पादों के पेटेंट को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष नहीं करना पड़ता। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थापित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA) का उल्लेख करते हुए कहा कि अब देश अपनी परंपरागत चिकित्सा और ज्ञान प्रणाली को नई पहचान दिला रहा है। प्रियंका गांधी की टिप्पणी और उस पर सुधांशु त्रिवेदी के जवाब के बाद भारतीय ज्ञान परंपरा, आयुर्वेद और वैज्ञानिक शोध को लेकर राजनीतिक बहस एक बार फिर तेज हो गई है।

## महिला जगत

# कुछ मिनट के लिए पसीने से भर जाता है पूरा शरीर, गर्मी नहीं होता बर्दाश्त...

## जानिए महिलाओं को ही क्यों होता है Hot Flashes?

**जरा सोचिए, आप एक मीटिंग में बैठे हैं AC का तापमान एकदम सही है, बाकी सब ठीक लग रहे हैं और अचानक बिना किसी चेतावनी के, आपकी छाती से गर्मी की एक लहर उठती है, गर्दन तक ऊपर आती है और आपके चेहरे पर फैल जाती है और आपको पसीना आने लगता है। कुछ मिनटों बाद पसीना तो नहीं आता पर थोड़ा गीलापन, थोड़ी घबराहट और काफी उलझन महसूस होने लगती है। अगर आपको किसी ने नहीं बताया है, तो वह 'हॉट फ्लैश' था और अगर आपको अभी तक ऐसा नहीं हुआ है, तो पूरी संभावना है कि आपको होगा। मेनोपॉज़ से गुज़र रही लगभग चार में से तीन महिलाओं को इसका अनुभव होता है। कई भारतीय महिलाओं को यह होता है और उन्हें पता भी नहीं चलता कि वे जो महसूस कर रही हैं, उसका कोई नाम भी है।**



### असल में शरीर में क्या होता है?

हॉट फ्लैश आपके शरीर के तापमान को कंट्रोल करने वाले सिस्टम में बदलाव की वजह से होते हैं। पेरिमेनोपॉज़ और मेनोपॉज़ के दौरान जब एस्ट्रोजन का लेवल ऊपर-नीचे होता है, तो आपके दिमाग का वह हिस्सा जो शरीर के तापमान को कंट्रोल करता है (जिसे हाइपोथैलेमस कहते हैं), छोटे-छोटे बदलावों के प्रति ज़्यादा संवेदनशील हो जाता है। दरआल जिस तापमान को आपका शरीर पांच साल पहले बिल्कुल आरामदायक मानता था, वही तापमान अचानक आपके दिमाग को बहुत ज़्यादा गर्म लगने लगता है। आपका दिमाग घबरा जाता है, शरीर को तेज़ी से ठंडा करने के लिए इमरजेंसी सिग्नल भेजता है, और नतीजा होता है - अचानक गर्मी का एहसास, चेहरा लाल होना, पसीना आना और कभी-कभी दिल की धड़कन का तेज़ी से बढ़ना। यह सिर्फ़ आपके दिमाग का वहम नहीं है, यह आपके हाइपोथैलेमस में होता है ।

### हॉट फ्लैश के दौरन होता है ऐसा महसूस

हर महिला को इसका अनुभव थोड़ा अलग-अलग होता है, लेकिन यहां कुछ आम लक्षण बताए गए हैं जैसे- गर्मी आमतौर पर छाती या चेहरे से शुरू होती है और ऊपर और बाहर की तरफ़ फैलती है। यह बहुत तेज़ और अचानक महसूस होती है। कुछ महिलाएं इसे अपने अंदर भट्टी जलने जैसा बताती हैं। कुछ इसकी तुलना तंदूर के बहुत पास खड़े होने से करती हैं। यह एहसास आमतौर पर 30 सेकंड से पांच मिनट तक रहता है। इसके गुज़रने के बाद, कुछ महिलाओं को ठंडक महसूस होती है क्योंकि उनकी त्वचा पर पसीना ठंडा हो रहा होता है। कुछ को थकान या कमज़ोरी महसूस होती है। कुछ को हफ़्ते में एक या दो बार होता है। कुछ को दिन में दस बार। कुछ को ज़्यादातर रात में होता है, जिसे 'नाइट स्वेट्स' (रात में पसीना आना) कहते हैं और इससे नींद बुरी तरह खराब होती है। कुछ को यह कभी-कभी होता है, जबकि कुछ को सालों-साल तक होता रहता है।

### भारतीय महिलाएं क्यों हैं इससे अनजान?

कई महिलाएं मान लेती हैं कि वे बस मौसम, किचन या खाना पकाने की गर्मी पर प्रतिक्रिया दे रही हैं। दिल्ली, मुंबई या चेन्नई में गर्मियों के महीनों में होने वाले 'हॉट फ्लैश' (अचानक गर्मी महसूस होना) और आम गर्मी में फ़र्क करना मुश्किल हो सकता है। इसलिए हम इसे मौसम की वजह मानकर थोड़ा पानी पीकर आगे बढ़ जाते हैं। हममें तकलीफ़ सहने की क्षमता भी ज़्यादा होती है। भारतीय महिलाएं आमतौर पर परिवार में अपनी शारीरिक तकलीफ़ के बारे में सबसे आखिर में बताती हैं। इसलिए 'हॉट फ्लैश' को दबा दिया जाता है, नजरअंदाज कर दिया जाता है, पंखे से हवा करके टाल दिया जाता है, और कभी इसका नाम तक नहीं लिया जाता। कई महिलाओं को सबसे पहले रात में इनका अनुभव होता है। रात में पसीने से भीगकर नींद खुल जाती है, बिस्तर की चादरें और कभी-कभी बाल भी गीले हो जाते हैं।

### असल में क्या मदद करता है

जीवनशैली में बदलाव वाकई मदद करते हैं, जितना आप सोच सकते हैं उससे कहीं ज़्यादा। कैफ़ीन कम करने से, खासकर दोपहर में, दिन के समय होने वाले 'फ्लैश' और रात के पसीने, दोनों को कम करने में मदद मिलती है। मसालेदार खाना कुछ महिलाओं में 'फ्लैश' को ट्रिगर कर सकता है, इसलिए ध्यान दें कि क्या भारी खाना खाने के बाद आपके लक्षण और बिगड़ जाते हैं। परतदार कपड़े (लेयर्ड क्लोदिंग) पहनने से आपके रोज़मर्रा के आराम में सचमुच फ़र्क पड़ता है। सूती कपड़े, ऐसी परतें जिन्हें आप जल्दी से उतार सकें, और सिंथेटिक मटीरियल से बचने से आपको दिन भर आराम रहता है। रात के लिए, सूती चादरें, हल्के कंबल और बिस्तर के पास एक छोटा पंखा बहुत मदद करते हैं।  तनाव वाले हार्मोन आपके शरीर को ज़्यादा संवेदनशील बनाते हैं और 'फ्लैश' की बारंबारता (फ़्रीक्वेंसी) बढ़ाते हैं। योग, नियमित सैर, ध्यान, सांस लेने के व्यायाम, और यहाँ तक कि नियमित नींद भी आपके नर्वस सिस्टम को शांत करने और 'फ्लैश' की बारंबारता और तीव्रता, दोनों को कम करने में मदद करते हैं।

**नोटः किसी भी मेडिकल कंडीशन का खुद से इलाज करने की बजाय अपने डॉक्टर की सलाह लें।**

Maharashtra

# महाराष्ट्र के भिवंडी में 4 मंजिला इमारत ढही छह की मौत, मलबे में फंसे कई लोग

**मुंबई, (एजेंसी) मुंबई के पास भिवंडी में गुरुवार रात 'कोहिनूर' नाम की एक 4 मंजिला रिहायशी इमारत अचानक भरभरा कर ढह गई. इमारत गिरते ही पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है, वहीं मलबे के नीचे छह से सात और लोगों के फंसे होने की आशंका है.**

चश्मदीदों और स्थानीय नागरिकों के मुताबिक, इस हादसे में 6 से 7 लोगों के मलबे के नीचे दबे हो सकते हैं. मौके पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) की टीम, भिवंडी पुलिस के जवान, दमकल विभाग की गाड़ियां और



नगरपालिका के अधिकारी मौजूद हैं. पोकलेन मशीनों और आधुनिक उपकरणों की मदद से मलबा हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है, ताकि फंसे हुए लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकाला जा सके. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने खुलासा किया कि पिछले कुछ दिनों से इस पुरानी इमारत में मरम्मत का काम चल रहा था. ठेकेदार और मजदूरों ने मरम्मत के दौरान इमारत के 3 पिलर तोड़ दिए थे. पिलर टूटने की वजह से इमारत की नींव कमजोर हो गई और वो अपना संतुलन खोकर पूरी तरह जमींदोज हो गई. इस भीषण हादसे के बीच राहत की बात ये रही कि इमारत ढहने से ठीक पहले कुछ सुगबुगाहट और आवाज हुई थी. खतरा भांपते ही ज्यादातर रहवासी समय रहते इमारत से बाहर भाग निकले, जिससे एक बड़ा जानी नुकसान होने से टल गया.

New Delhi

## पीएम मोदी ने जारी किया नया इंस्टा वीडियो

# लोक परीक्षा संशोधन विधेयक पर बोले- पेपर लीक गैंग को बख्शा नहीं जाएगा



**नई दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोक परीक्षा (संशोधन) विधेयक को संसद से मंजूरी मिलने के बाद देशवासियों के नाम एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि सरकार भरोसेमंद और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दिशा में एक के बाद एक कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस कानून को तैयार करते समय राज्यों के सुझावों का भी पूरा ध्यान रखा गया, क्योंकि पिछले कई वर्षों से लगभग सभी राज्य और केंद्र सरकार पेपर लीक जैसी समस्या से जूझ रहे हैं।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पेपर माफिया, परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने वाले गिरोह और देश के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून की जरूरत थी। इसी उद्देश्य से सरकार संसद में यह विधेयक लेकर आई। उन्होंने आगे कहा कि जैसा उन्होंने देश से वादा किया था, वैसे ही पिछले दो दिनों में संसद के दोनों सदनों में बड़ी संख्या में सांसदों ने इस विधेयक पर विस्तार से चर्चा की और आज दोनों सदनों ने सख्त प्रावधानों वाले इस विधेयक को पारित कर दिया।

Karnataka

# बेंगलुरु में SIR फॉर्म को लेकर भिड़ंत, सरकारी अफसर को पीटा, 2 गिरफ्तार

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) अभियान के दौरान सरकारी अधिकारियों पर कथित हमले का मामला सामने आया है. यह घटना देवरा जीवनहल्ली (डीजे हल्ली) थाना क्षेत्र के रोशन नगर स्थित कौसर मस्जिद के पास बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे हुई. पुलिस के मुताबिक, स्लम डेवलपमेंट बोर्ड के अधीक्षक फकीरप्पा समेत सरकारी अधिकारी मतदाता सूची के स्पेशल रिवीजन का काम कर रहे थे. इसी दौरान दास्तागीर नाम का एक शख्स वहां पहुंचा और SIR फॉर्म की मांग करने लगा.

अधिकारियों ने उसे बताया कि वह अपना निवास जयनगर स्थानांतरित कर चुका है, इसलिए उस इलाके में उसे फॉर्म जारी नहीं किया जा सकता. इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई.

आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दास्तागीर और उसके साथी यारब ने फकीरप्पा के साथ मारपीट की और उनके चेहरे पर मुक्का मार दिया. घटना के बाद सरकारी अधिकारियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

New Delhi

# 'पापा घर आए तो यूनिफॉर्म खून से लाल थी', CJP प्रोटेस्ट में घायल पुलिसकर्मियों के परिजनों की आपबीती

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली में हाल ही में 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) के प्रदर्शन और 'संसद चलो' मार्च के दौरान हुई हिंसा में घायल हुए पुलिसकर्मियों के परिवारों का दर्द अब सामने आया है. हिंसा में गंभीर रूप से चोटिल हुए जवानों के परिजनों ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अपनी आपबीती बयां की.

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान परिजनों का भावुक रूप देखने को मिला. घायल पुलिसकर्मी के एक परिजन ने रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई, 'जब मेरे पिता उस दिन ड्यूटी के बाद घर लौटे, तो उनकी खाकी वर्दी खून से पूरी तरह लाल थी. उनके सिर और हाथों पर गंभीर चोटें थीं.'

दिल्ली पुलिस के एसीपी की पत्नी अवनीत कौर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उस खौफनाक दिन को याद करते हुए बताया, '20 जुलाई की रात जब मेरे पति घायल अवस्था में घर पहुंचे, तो उनकी



हालत देखकर मेरी रूह कांप गई. वह दृश्य मेरे और हमारी 2 साल की बेटी के लिए बेहद दर्दनाक और ट्रॉमेटिक था. मेरी मासूम बेटी अपने पिता को उस हालत में देखकर सहम गई थी.'

प्रदर्शनकारियों के उग्र रवैये और पुलिस पर हुए हमले पर गंभीर सवाल उठाते हुए अवनीत कौर ने कहा, 'लोग यह भूल जाते हैं कि एक पुलिस अधिकारी सिर्फ एक अकेला इंसान या वर्दी नहीं होता.

खेल

## भारतीय युवा पहलवानों का शानदार प्रदर्शन

# निकिता को रजत, कामना गरिमा ने जीते कांस्य

**बाकू, (एजेंसी)** जरबैजान के बाकू में जारी अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2026 में भारत की महिला पहलवानों का शानदार प्रदर्शन रहा, जिन्होंने कड़े मुकाबले वाले वेट कैटेगरी में एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। 57 किलोग्राम कैटेगरी में निकिता सहरावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में उनका मुकाबला यूएसए की मौजूदा अंडर-17 विश्व रजत पदक विजेता एपेनेसा एलिसन से हुआ। निकिता ने बहादुरी से मुकाबला किया, लेकिन उन्हें 0-6 से हार का सामना करना पड़ा। निकिता सहरावत दूसरे स्थान पर रहीं, जिसके साथ उन्होंने भारत के लिए रजत पदक जीता।



49 किलोग्राम कैटेगरी में कामना बाबल ने जबरदस्त जज्बा दिखाते हुए कांस्य पदक हासिल किया। जापान की साइका उचिडा से सेमीफाइनल में हारने के बाद, कामना ने तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में रूस की इरिना त्सिदीवा के खिलाफ शानदार वापसी की। एक तनावपूर्ण और कड़े मुकाबले में, भारतीय पहलवान ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराकर पोडियम पर अपनी जगह पक्की की। देश के पदकों की संख्या में इजाफा करते हुए, गरिमा ने 73 किलोग्राम वर्ग के कांस्य पदक मैच में दबदबे वाला प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में यूएसए की कैली मैनुअल से 5-7 की करीबी हार के बाद, पूर्व अंडर-15 एशियन चैंपियन ने खुद को संभाला और वापसी की। उन्होंने स्पेन की पाउला बेनाइक्सा परेज के खिलाफ टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर 10-0 से शानदार जीत हासिल कर कांस्य पदक जीता।

सिनेमा

# कीर्ति कुल्हारी हुईं साइबर फ्रॉड का शिकार, लाखों की ठगी के बाद पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत



मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी के साथ साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। अज्ञात अपराधियों ने उनके मोबाइल फोन और क्रेडिट कार्ड का अनधिकृत एक्सेस हासिल कर महज कुछ ही मिनटों में 2,43,852 रुपए का फ्रॉड किया है। अभिनेत्री की शिकायत पर अंबोली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


आईएएनएस की खबर के मुताबिक इस मामले में कीर्ति ने एफआईआर दर्ज करवाई है। एफआईआर में बताया गया है कि कीर्ति के साथ साइबर ठगी रात के समय लगभग 9:31 बजे हुई थी। उस समय वह अंधेरी पश्चिम में फन रिपब्लिक मॉल के पास स्थित सिनेपोलिस थिएटर में थीं। इसी दौरान उनके मोबाइल नंबर पर बैंक के क्रेडिट कार्ड से एयरोमेक्सिको एयरलाइन पर 2,525 अमेरिकी डॉलर खर्च होने का अलर्ट मैसेज मिला।

अनजान और संदिग्ध विदेशी लेनदेन का मैसेज देखते ही अभिनेत्री ने बिना समय गंवाए बैंक के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया। बैंक अधिकारियों ने जांच के बाद बताया कि उनके क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति के चार अलग-अलग बड़े ट्रांजैक्शन किए गए हैं, जिसके बाद सुरक्षा के तौर पर तुरंत कार्ड ब्लॉक कर दिया गया।

## Highlights

1. Administration inspects dargah land after SC allows Friday namaz near Bhojshala in MP
2. 4 lives saved via organ donation after Pune marathon runner dies in accident
3. Govt shares 6 measures for 'affordable education for every child'
4. Dipke should approach police if he is being threatened: Maha minister Patil
5. PM Modi posts another selfie video as he praises anti-paper leak bill
6. CBI chief backs CRPF chief's 'work fearlessly, I'll take responsibility' message
7. Video shows CJP protesters reaching very close to Parliament on July 20
8. NHAI responds after ₹4,200 cr expressway develops cracks days after inauguration

# Tim Cook signs off with Apple's best ever June quarter, as India drives momentum



**NEW DEIHI, (Agency).** In what is Tim Cook's final earnings call as CEO, Apple has reported its higher ever quarter ending June with revenue of $109.4 billion, marking a 16% year on year increase. The tech giant has, despite headwinds including geopolitical uncertainty and supply chain cost as well as availability concerns, recorded double digit growth across iPhone, Mac and Services businesses, including India.

Apple is proud to report our strongest June quarter ever, with double-digit revenue growth across iPhone, Mac and Services, and in every geographic segment," Cook said during the earnings call.

India remains a key market for Apple, something Cook alluded to. "We achieved June quarter revenue records in every geographic segment. We were pleased to see strength across the board with June quarter records in the US, Latin America, Western Europe, India, China mainland, Japan, and Southeast Asia. We also achieved June quarter revenue records in both developed and emerging markets and saw double-digit growth in most emerging markets," he said.

Kevan Parekh, Apple's CFO, pointed out that, "Our installed base of active devices also reached a new all-time high across all major product categories and geographic segments." A key readout for Apple is the 50% gross profit margin, a collective of the $78.6 billion in revenue from products, and the $30.73 billion revenue from services, against cost of sales. The iPhone raked $54.2 billion in net sales (up from $44.58 billion year on year), with the Mac growing to $10.35 billion (up from $8.04 billion) and wearables as well as home and accessories clocking $7.88 billion (up from $7.4 billion). The only category that has marginally declined is the Apple iPad, generating $6.19 billion worth of sales, and down from $6.58 billion a year ago. "Mac revenue was $10.4 billion, up 29% year-over-year, a new June quarter record, driven by the strength of MacBook Neo and MacBook Pro. We grew in both developed and emerging markets, with strong double-digit growth in markets like Latin America, India, and Southeast Asia. The customer reception to MacBook Neo has been incredible," Parekh said.

### Key concerns, and an India outlook

In the earnings call, Apple highlighted macroeconomic as well as geopolitical instability due to military conflicts, trade disputes and shifting government policies. There are also supply chain concerns which worry Apple.

"The advanced nodes SoCs that we need is supply constrained. The root cause is not a regular supply issue. It's not a suppler relationship issue either. Instead, our demand forecast is too high. The iPhone and Mac are doing "remarkably better" than we thought," Cook said, noting that the supply chain has limited flexibility and predicts a tough quarter ahead.

# सिविल इंजीनियर के घर से लाखों के जेवर गायब

## ई-रिक्शा से रिटायर्ड शिक्षक की बेटी की ज्वेलरी चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चोरी की दो वारदातें सामने आई हैं, जिनमें लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी हो गए। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में एक सिविल इंजीनियर ने अपनी बीमार मां के केयरटेकर पर शंका जताई है, जबकि लसूड़िया थाना क्षेत्र में महाराष्ट्र से बेटी को ससुराल छोड़ने आए रिटायर्ड शिक्षक की बेटी के सूटकेस से ई-रिक्शा में ज्वेलरी चोरी हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने ऊषा नगर निवासी सिविल इंजीनियर हिमांशु मोदी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ गुरुवार को चोरी का मामला दर्ज किया है। शिकायत में उन्होंने अपनी मां के केयरटेकर राजकुमार पर शंका जताई है। पुलिस के मुताबिक हिमांशु ने करीब तीन वर्ष पहले राजकुमार को काम पर रखा था। शुरुआत में वह घर के बाहरी काम करता था, लेकिन बाद में बीमार मां की देखभाल के लिए उसे घर के अंदर आने-जाने की अनुमति मिल गई। उस दौरान हिमांशु की बहन भी गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं और हिमांशु का काम के सिलसिले में अक्सर बाहर आना-जाना लगा रहता था।

कुछ दिन पहले परिवार में धार्मिक आयोजन के लिए पुश्तैनी जेवरों में से सोना निकालकर अंगूठी बनवानी थी। एक हफ्ते पहले जब हिमांशु ने अलमारी खोली तो उसमें रखे सोने-चांदी के सभी आभूषण गायब थे।

हिमांशु ने पुलिस को बताया कि घर में किसी बाहरी व्यक्ति का आना-जाना नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले कुछ समय से केयरटेकर राजकुमार के रहन-सहन में भी काफी बदलाव आया है। फिलहाल पुलिस शंका के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

दूसरे मामले में लसूड़िया थाना पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे निवासी रिटायर्ड शिक्षक पवन सिंह की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पवन सिंह ने बताया कि उनकी बेटी खुशबू अरण्य नगर में रहती है। वह बेटी को ससुराल छोड़ने ट्रेन से इंदौर आए थे। रेलवे स्टेशन से दोनों ई-रिक्शा में बैठे। रिक्शा में पहले से दो सवारियां मौजूद थीं। चालक ने पवन सिंह को आगे की सीट पर बैठाया, जबकि उनकी बेटी को पीछे अन्य सवारियों के साथ बैठा दिया। बेटी के सूटकेस में सोने-चांदी के आभूषण रखे हुए थे। करीब आधे घंटे बाद जब वे घर पहुंचे तो सूटकेस का ताला खुला मिला। अंदर रखा सामान बिखरा हुआ था और ज्वेलरी गायब थी।

पीड़ित के अनुसार सूटकेस से सोने का हार, चेन, झुमके, कंगन, मंगलसूत्र, नथ, चांदी की पायल, करधनी सहित अन्य कीमती आभूषण चोरी हो गए। उन्होंने पुलिस को ई-रिक्शा का नंबर भी बताया, जिसके अंतिम अंक 8770 थे। परिजनों ने रेलवे स्टेशन और आसपास के मार्गों पर ई-रिक्शा की तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ई-रिक्शा की पहचान कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

# आर्थिक तंगी-मानसिक बीमारी से जूझ रहे मां-बेटे ने जहर खाया, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। द्वारकापुरी क्षेत्र स्थित फूटी कोठी शराब दुकान पर पुलिस के एक सिपाही का हंगामा करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में सिपाही शराब के दाम को लेकर सेल्समैन से बहस करता और बाद में वीडियो बना रहे एक एजेंट को थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहा है।

मामले में यह भी सामने आया है कि सिपाही के साथ क्षेत्र का एक बदमाश भी मौजूद था। घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सिपाही को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, फूटी कोठी स्थित शराब दुकान के काउंटर पर पदस्थ सिपाही तनमय सिंह तोमर का दुकान कर्मचारियों से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि शराब की कीमत को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जिसके बाद सिपाही काउंटर के अंदर घुस गया और कर्मचारियों से धक्का-मुक्की करने लगा। इसी दौरान वहां मौजूद एक एजेंट ने घटना का वीडियो बनाना शुरू किया, जिससे नाराज होकर सिपाही ने उसे थप्पड़ मार दिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सिपाही तनमय सिंह तोमर का कहना है कि वह मौके पर विवाद की सूचना मिलने पर पहुंचा था। उसके अनुसार, शराब महंगी बेचने की बात को लेकर एजेंट से विवाद हुआ। एजेंट वीडियो बनाने लगा, जिसका उसने विरोध किया। दूसरी ओर शराब दुकान संचालक की ओर से आरोप लगाया गया कि विवाद के दौरान पिस्टल दिखाकर धमकाने की भी कोशिश की गई। साथ ही यह दावा भी किया गया कि सिपाही के साथ क्षेत्र का बदमाश महेश टोपी भी मौजूद था। घटना को लेकर द्वारकापुरी थाना पुलिस से जानकारी मांगी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया अनुशासनहीनता सामने आने पर सिपाही तनमय सिंह तोमर को निलंबित कर दिया गया है। मामले में अन्य आरोपों की भी जांच की जा रही है।

# शराब दुकान पर सेल्समैन से भिड़ा सिपाही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। द्वारकापुरी क्षेत्र स्थित फूटी कोठी शराब दुकान पर पुलिस के एक सिपाही का हंगामा करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में सिपाही शराब के दाम को लेकर सेल्समैन से बहस करता और बाद में वीडियो बना रहे एक एजेंट को थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहा है।

मामले में यह भी सामने आया है कि सिपाही के साथ क्षेत्र का एक बदमाश भी मौजूद था। घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सिपाही को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, फूटी कोठी स्थित शराब दुकान के काउंटर पर पदस्थ सिपाही तनमय सिंह तोमर का दुकान कर्मचारियों से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि शराब की कीमत को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जिसके बाद सिपाही काउंटर के अंदर घुस गया और कर्मचारियों से धक्का-मुक्की करने लगा। इसी दौरान वहां मौजूद एक एजेंट ने घटना का वीडियो बनाना शुरू किया, जिससे नाराज होकर सिपाही ने उसे थप्पड़ मार दिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सिपाही तनमय सिंह तोमर का कहना है कि वह मौके पर विवाद की सूचना मिलने पर पहुंचा था। उसके अनुसार, शराब महंगी बेचने की बात को लेकर एजेंट से विवाद हुआ। एजेंट वीडियो बनाने लगा, जिसका उसने विरोध किया। दूसरी ओर शराब दुकान संचालक की ओर से आरोप लगाया गया कि विवाद के दौरान पिस्टल दिखाकर धमकाने की भी कोशिश की गई। साथ ही यह दावा भी किया गया कि सिपाही के साथ क्षेत्र का बदमाश महेश टोपी भी मौजूद था। घटना को लेकर द्वारकापुरी थाना पुलिस से जानकारी मांगी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया अनुशासनहीनता सामने आने पर सिपाही तनमय सिंह तोमर को निलंबित कर दिया गया है। मामले में अन्य आरोपों की भी जांच की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक